भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 173
उत्तर देने की तारीख 01 अगस्त, 2023
10 श्रावण, 1945 (शक)

किशोरों और युवाओं के लिए प्रमुख कार्यक्रम

173. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के किशोरों और युवाओं के विकास के लिए कोई प्रमुख कार्यक्रम शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्यक्रम के उद्देश्यों, विशेषताओं और वित्तीय आवंटन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

किशोरों और युवाओं के लिए प्रमुख कार्यक्रम के संबंध में श्री राजेन्द्र धेड्या गावित द्वारा दिनांक 01.08.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 173 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) जी हां । सरकार एक प्रमुख कार्यक्रम अर्थात राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) के तहत राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम (एनपीवाईएडी) नामक एक स्कीम संचालित कर रही है ।

(ख) एनपीवाईएडी स्कीम का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में युवाओं को भागीदार बनाना; राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना; किशोरों के विकास और सशक्तिकरण के लिए कार्रवाई करना; युवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मूल्यों जैसे लोकतंत्र, समाजवाद और धर्म निरपेक्षता के लिए गौरव की भावना का विकास करना; युवाओं के बीच सामाजिक सदभाव और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना के प्रचार-प्रसार के लिए युवाओं को मुख्य केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है । एनपीवाईएडी स्कीम के तहत सरकारी/ गैर-सरकारी संगठनों को निम्नलिखित पांच कार्यक्रम क्षेत्रों के तहत युवा और किशोर विकास संबंधी कार्यकलाप शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है :

i. युवा नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण ।

ii. राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना (राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम, युवा महोत्सव, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार आदि)

iii. साहस का संवर्धन; तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार

iv. किशोरों का विकास और सशक्तिकरण (जीवन कौशल शिक्षा, काउंसिलिंग, करियर मार्गदर्शन आदि)

v. तकनीकी और संसाधन विकास (युवा संबंधी मामलों पर अनुसंधान और अध्ययन, प्रलेखन, सेमिनार/ कार्यशालाएं)

एनपीवाईएडी स्कीम के प्रमुख कार्यक्रमों/ विशेषताओं के तहत राष्ट्रीय युवा महोत्सव, पूर्वोत्तर युवा महोत्सव और युवा प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार और तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार प्रदान किया जाना शामिल है ।

पिछले तीन वर्षों में एनपीवाईएडी स्कीम के तहत वित्तीय आवंटन इस प्रकार है :

(करोड़ रु.)

वर्ष			
	बीई	आरई	वास्तविक
2020-21	23	20	12.79
2021-22	21	25.15	15.1
2022-23	22	26.35	18.68

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

****